
श्रीराम जन्म भूमि प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव
के शुभ अवसर पर समस्त नगरवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
RATAN
Quality. Commitment. Trust.
Since 1988
RATAN HOUSING DEVELOPMENT LIMITED
113/70 Swaroop Nagar, Kanpur-208002
Mob.: 9935556601, 9935556602


MERCY MEMORIAL SCHOOL
KANPUR
Happy
New Year
Congratulations
on this historic event!!
" Ram Utsav"
REGISTRATION OPEN
FROM JANUARY 2024
Registration
Open
for
PG
NUR
PREP
&
Class I
REGISTRATION
OPEN
Kidwai Nagar, Kanpur
Tel: 0512-4000406, 4000407
Forms are available in the Senior Wing.
Timings : 9:30 a.m to 1:30 p.m


श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
व गणतंत्र दिवस की सभी
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Saraswati Gyan Mandir
SGM International School
(Affiliated to CBSE Board)
SESSION 2024-25
ADMISSION OPEN
Class PG to IX & XI
C-1/198, Indira Nagar, Kalyanpur, Kanpur, Ph.: 7617017101
sgminternational.edu.in
sgminternationalschool@gmail.com
/sgminternationalschool
/sgmischool
HOSTEL FACILITY for BOYS


भव्य
राम मंदिर
उद्घाटन समारोह
22 जनवरी 2024
सभी देशवासियों को
राम मंदिर का भव्य अभिषेक
एवं प्राण प्रतिष्ठा शुभारंभ की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं
अमित कुमार श्रीवास्तव
वरिष्ठ अधिवक्ता बार एशियोसन बिल्हौर
कुल्दीप सक्सेना
सक्सेना ज्वैलर्स एवं साड़ी वस्त्र भण्डार
ककवन बाजार
राजू स्वर्णकार
राम गनेष ककवन ग्राम प्रधान ककवन
डा0 धर्मेन्द्र राजपूत
अधीक्षक ककवन सी. एच. सी.
विनीत गुप्ता
सेठ हरि शंकर नवनीत ज्वैलर्स,डिजाइनर साड़ीज
सराफा बाजार बिल्हौर
धर्मेन्द्र पाल
निरीक्षण मण्डी ककवन
रिंकू राठौर
राठौर किराना स्टोर बिषधन
पिंकू मिश्रा
कोटेदार ककवन
आमिर खान
शक्ति केन्द्र सयोजक भाजपा मण्डल ककवन
डा0 अनुरूद्ध यादव
प्रधानाचार्य
कमासी देवी इण्टर कालेज नदीहा शिवराजपुर
Chandra
Diagnsotics Centre
चन्द्रा
डायग्नोस्टिक्स सेन्टर
4-डी अल्ट्रासाउण्ड
कलर डॉप्लर
ई.सी.जी.
ईको (हृदय की जाँच)
ए.बी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
पैथोलॉजी
आधुनिक तकनीकि वाली मशीनों द्वारा स्पष्ट जाँच की सुविधा।
डॉ. एन.सी.यादव
MBBS, MD (Radiodiagnosis)
दीपांशु यादव
Director
Mob. 7007013762,6393016083
Add: Badi Bazar Kakwan, Kanpur Nagar



घंटाघर पर हुए आयोजन में राम दरबार का मनमोहक दृश्य। अमृत विचार

# सजा है शहर दुल्हन-सा कि आज मेरे राम आएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


- छोटा-बड़ा हर मंदिर भव्य तरीके से सजाया गया
- हजारों भवनों और प्रतिष्ठानों पर लाइटें लगाई गईं

**अमृत विचार।** इंतजार खत्म, प्रभु श्रीराम सोमवार को अपने भव्य महल में विराजमान होंगे। लोग अब उस लम्हें की बाट जोह रहे हैं जब प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होगी। किसी की आंखों में खुशी के आंसू होंगे तो कोई 'जय श्रीराम' के उद्घोष से माहौल भव्य करेगा। शहरवासी भी इस पल के गवाह बनने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रामभक्तों ने शहर को दुल्हन की तरह सजा दिया है।

परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर, जागेश्वर मंदिर, वनखंडेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, पनकी मंदिर सहित अन्य प्राचीन मंदिरों में भोर अभिषेक के साथ ही उत्साह शुरू होगा। शहर के सभी छोटे बड़े मंदिरों में आयोजन होंगे। सैकड़ों शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। कई इलाकों में प्रभात फेरी निकालकर सभी को शुभकामनाएं दी जाएंगी। शहर की गलियों में प्रभुराम की शोभायात्राएं निकलेंगी। यात्राओं के साथ ही शहर में लगभग दो हजार भंडारे आयोजित किए जाएंगे। शाम को हर घर दीपावली की तर्ज पर दीये जगमगाएंगे। अपार्टमेंट में रंगोली पर दीयों को रखकर 'श्रीराम' और 'जय श्रीराम' की आकृति बनाई जाएगी। रात में आतिशबाजी होगी।

### मंदिरों में ये आयोजन होंगे

शहर के आनंदेश्वर मंदिर में प्रभु का श्रृंगार और प्रसाद वितरण होगा। शाम को दीपदान और विशेष आरती की जाएगी। नवाबगंज स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर में भी भोर आरती के साथ ही विभिन्न आयोजन होंगे। पनकी हनुमान मंदिर में सवा दो मन हलुए का प्रसाद चढ़ाया जाएगा। यहां पर भी पूरे दिन प्रभुराम संकीर्तन सहित अन्य आयोजनों में उत्साह बिखेरा जाएगा। जंगली देवी मंदिर में भी संगीतमय राम चरित मानस होगा। जंगली देवी मंदिर, काली मंदिर, तपेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिर में सुबह से शुरू हुए आयोजन देर रात तक चलेंगे।



रामोत्सव पर शहर में दीवाली। अमृत विचार

# करो वंदन-अभिनंदन, अपने घर आ रहे रघुनंदन

## शहर हुआ राममय, जगह-जगह से निकलीं 61 शोभायात्राओं ने उत्साह भरा, उत्तर से दक्षिण तक जय श्रीराम के जयकारों की गूंज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से एक दिन पहले रविवार को शहर राममय हो गया। भक्तों का भारी उत्साह उमड़ा। शहर से 61 राम यात्राएं निकलीं। इन यात्राओं ने शहर को उत्तर से दक्षिण तक मथ दिया। सैकड़ों राम संकीर्तन और राम पूजन ने माहौल बनाया। नगर का छोटा-बड़ा हर मंदिर भव्य तरीके से सजा है। हजारों भवनों और प्रतिष्ठानों पर भी लाइटें लगाई गई हैं। सोमवार को शहर में फिर दीपावली मनाई जाएगी।

साकेत नगर, सुतरखाना, रावतपुर गांव, स्वरूप नगर, आर्य नगर, बेनाझाबर, पीरोड, अशोक नगर, दबौली, लालबंगला सहित अन्य इलाकों से शोभायात्राएं निकली। केसरिया ध्वज और शंखनाद के बीच निकली इन यात्राओं में जय श्रीराम का उद्घोष सभी को उत्साहित कर रहा था। रामलला मंदिर, पनकी मंदिर, सहित अन्य मंदिरों में प्रभुराम संकीर्तन आयोजित हुआ।


शहर में लगभग दो हजार भंडारे आयोजित हुए। इन भंडारों में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रभु श्रीराम का प्रसाद चखा। बिरहाना रोड, वीआईपी रोड, कलक्टरगंज, शास्त्री नगर, रावतपुर गांव, स्वरूप नगर, आर्य नगर, गोविंद नगर सहित अन्य इलाकों में भंडारों की बहुतायत रही। शाम को मंदिरों में विशेष आरती हुई। कारोबारियों की ओर से घंटाघर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।



जेके मंदिर रंगीन रोशनी से नहाया। अमृत विचार



आतिशबाजी शुरू हो गई। अमृत विचार



पटाखों की दुकानें लग गईं।

### बाजारें भी जगमगाएंगी

आज फूलबाग से लेकर घंटाघर तक विशेष आयोजन होंगे। हर थोक बाजार ने अपने-अपने तरह से प्रभु के आगमन की खुशी मनाने का इंतजाम किया है। केसरिया ध्वजों से पटी बाजारों में दीपदान व आतिशबाजी की जाएगी। फूलबाग और घंटाघर में आयोजन होंगे।



रावतपुर का रामलला मंदिर जगमगाया। अमृत विचार

### सार्वजनिक आयोजनों की धूम

शहर में बड़ी स्क्रीनें भी लगाई गई हैं। काकादेव नीरक्षीर चौराहा, घंटाघर चौराहा सहित पनकी मंदिर में दो स्क्रीन व परमट मंदिर में भी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा होटलों और रेस्टोरेंटों में भी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण होगा।

### सफाई अभियान चलाया गया

श्री रामलीला महोत्सव आयोजन समिति जरौली की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। आरएसएस विनायक नगर के पदाधिकारियों ने सहयोग किया। पार्षद अभय शुक्ला ने बाबा संकट मोचन शिव धाम मंदिर जरौली, जागेश्वर ब्रम्ह देव मंदिर जरौली द्वितीय में सफाई की।

## राममय शहर

### सनातन गौरव यात्रा में 5100 पताकाएं लहराईं



गौरव सनातन यात्रा निकली। अमृत विचार

**कानपुर।** मठ मंदिर महोत्सव समिति की ओर से साकेत नगर से संतों ने 5100 पताकाएं लेकर सनातन गौरव यात्रा निकाली। यात्रा में बाल योगी अरुणपुरी चैतन्य जी महाराज, पनकी मंदिर के महंत महामंडलेश्वर कृष्णदास व अद्वैत विज्ञान मठ के प्रभारी उदितानंद जी ब्रह्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यात्रा साकेत नगर से शुरू होकर नंदलाल चौराहा, गोविंद नगर, फजलगंज, विजय नगर होते हुए पनकी हनुमान मंदिर पहुंची। रास्ते में 51 जगहों पर यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया गया।

### झूलेलाल मंदिर में पूजन

**कानपुर।** झूलेलाल मंदिरों में भी प्रभु राज्याभिषेक पर दीपोत्सव के साथ ही विभिन्न आयोजन होंगे। युवा एकता सिंधी समाज की ओर से सभी 14 मंदिरों में दीये प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा समाज के घरों में भी झालर व दीपक जलाए जाएंगे।



सीएसजेएमयू में दीयों से बनाया जाएगा विशाल मंदिर। अमृत विचार



दबौली से निकली शोभायात्रा।

### शोभायात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत

दबौली गुजैनी व्यापार मंडल की ओर से शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा विभिन्न इलाकों से होती हुई जयघोष करते हुए लोगों को सोमवार के लिए आमंत्रित कर रही थी। यात्रा में संजय गुप्ता बमबम, राघवेंद्र गुप्ता, रिंकू ठाकुर, कार्तिक सहित अन्य मौजूद रहे।

**रामोत्सव का स्वागत** | कानपुर उद्योग व्यापार मंडल ने घंटाघर में किया आयोजन

# एक शाम प्रभु के नाम में गूंजा जय-जय श्री राम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से रविवार को घंटाघर चौराहे पर 'एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम' कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रभु राम श्रीराम के जीवन दर्शन पर नाटिका आयोजित हुई।

आरती के दौरान माहौल भव्य हो गया। अणिमा मोहन के नृत्य व विट्ठल मोहन के राम भजनों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, राजेश गुप्ता, संदीप जैन, नवनीत जायसवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

दूसरी ओर श्री राणी सती दादी परिवर मंगल की ओर से गुटैया क्रॉसिंग धाम व नयागंज में समारोह आयोजित हुआ। भक्तों की ओर से गुटैया धाम में भजन संध्या में भजन गायक उमा बेरीवाल की ओर से श्रोताओं को झुमाया। इस दौरान जय-जय श्रीराम के नारे भक्तों ने लगाए।



सुतरखाना से निकली शोभायात्रा में चले हनुमान जी। अमृत विचार

### शिवाला में बैकुंठ उत्सव मनाया गया

श्री प्रयाग नारायणा शिवाला मंदिर में रविवार को बैकुंठ उत्सव मनाया गया। पांच दिनी महोत्सव के पहले दिन भक्तों की ओर से श्री बैकुंठ नाथ को स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान किया गया। इस दौरान भक्तों की ओर से प्रभु की पालकी को कंधे पर उठाकर परिक्रमा कराई गई।

### प्रभु राम की निकली झांकी

श्री ओमर वैश्य जगदीश मंडल की ओर से रविवार को प्रभु श्रीराम शोभा यात्रा निकली। सुतरखाना स्थित गणेश मंदिर से निकली शोभा यात्रा नयागंज, बिरहाना रोड, फूलबाग होते हुए खेरेश्वर मंदिर पहुंची। रास्ते में झांकी का लोगों ने आरती कर स्वागत किया। यात्रा में राम बिलास गुप्ता, दीपक गुप्ता, रसिक गुप्ता व नरेश ओमर सहित अन्य मौजूद रहे।

### राम फेरी निकली

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा की ओर से रविवार को राम फेरी निकाली गई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने बताया कि इस दौरान शास्त्री नगर में चाय वितरण भी किया गया। इस दौरान डॉ आनंद झा, मुन्ना चौहान, प्रभात पाल सहित अन्य मौजूद रहे।



भाजपा नेता जीत प्रताप ने शोभायात्रा निकाली। अमृत विचार

### राम यात्रा का कई जगह हुआ स्वागत

**कानपुर।** भाजपा नेता जीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में अकबरपुर लोकसभा में "श्री राम प्राण प्रतिष्ठा यात्रा" निकाली गई। यात्रा में दो सौ वाहनों के काफिले का कई जगह स्वागत किया गया। यह यात्रा मोतीझील से शुरू होकर नौबस्ता, पतारा , घाटमपुर , अकबरपुर होते हुए टिकरा में पहुची। टिकरा पहुंचने के बाद कार्यकर्ताओं ने जीत प्रताप सिंह का माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की ओर से जय श्री राम के उद्घोष माहौल को भव्य बना रहे थे। यात्रा के साथ ही कार्यकर्ताओं की ओर से जीत प्रताप सिंह को अकबरपुर लोकसभा के दावेदार के रूप में भी मांग कर रहे थे।

# कॉर्डियोलॉजी कट से हटाई बेरीकेडिंग

## मरीजों को हो रही थी परेशानी, अमृत विचार ने मुद्दा उठाया तो खोला गया कट

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कॉर्डियोलॉजी कट पर बेरीकेडिंग लगाने से मरीजों को हो रही परेशानी देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को कट खोल दिया। अमृत विचार ने यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया था। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कट सिर्फ मरीजों के लिए खोला गया है। अन्य वाहन कट से यूटर्न नहीं ले सकेंगे। इसके लिए दो शिफ्टों में पुलिसकर्मियों की नियुक्ति भी की गई है।

रावतपुर क्रॉसिंग व तिराहे पर लगने वाले जाम से निजात के लिए शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निरीक्षण के बाद देर रात रावतपुर तिराहा व कॉर्डियोलॉजी पर बने कट को बेरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया था। जिससे कॉर्डियोलॉजी जाने वाले मरीजों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कट बंद होने गोल चौराहा से रावतपुर तक भीषण जाम में कई एंबुलेंस फंस गईं थीं। अमृत विचार ने यह मुद्दा उठाकर पक्ष-विपक्ष के नेताओं को घेरा था और पुलिस अधिकारियों से सवाल दागे थे। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने रविवार सुबह कॉर्डियोलॉजी कट से बेरीकेडिंग हटा दी।



कॉर्डियोलाजी के सामने कट मरीजों के लिए खोला गया। अमृत विचार

> गोल चौराहे से आने वाली एंबुलेंस व मरीज लेकर आने वाले अन्य वाहनों को होने वाली समस्याओं के देखते हुए बेरीकेडिंग हटाने का निर्णय लिया गया है। कट से सिर्फ मरीजों के वाहन निकाले जाएंगे, जो सीधे कॉर्डियोलॉजी जाएंगे। कोई भी वाहन कट से यूटर्न लेकर गोल चौराहों की ओर नहीं जाएंगे। कट पर दो शिफ्टों में ट्रैफिक कांस्टेबलों की तैनाती की गई है।
>
> –सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक


कट बंद करके गोल्डन ऑवर का गला घोंटा, मरीज परेशान
रावतपुर तिराहा और कॉर्डियोलॉजी कट बंद कर देने से मरीजों की बढ़ी मुश्किलें

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा।

### सपा विधायक ने की पुलिस कमिश्नर से बात

अमृत विचार में कॉर्डियोलॉजी के मरीजों की समस्याएं प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद सोमवार को सपा विधायक अमिताभ बाजपेई व हसन रूमी ने खबर को संज्ञान में लिया। अमिताभ बाजपेई ने ट्वीट कर पुलिस प्रशासन से सवाल दागा। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से बात की और बेरीकेडिंग हटाए जाने की मांग की।

## सर्दी लगने से नवजात की मौत

**पुखरायां ।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में नवजात की सर्दी लगने से मौत हो गई।

भोगनीपुर क्षेत्र के चौरा गांव के शब्बो ने बताया किउसकी बिटिया अफसाना को तीन पूर्व सीएससी में जुड़वा बच्चे लड़का और लड़की हुए थे। जिसमे सर्दी लगने से लड़के को हालत बिगड़ने पर सीएससी लाया गया, जहां पर ड्यूटी पर तैनात डा अनूप कुमार ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।

## समाचार पत्र वितरक का जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक नेता मदन सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

इस मौके पर मदन सिंह के 60 वर्ष पूरे होने पर केक काटा गया और बधाई दी गई। सभी ने उनके खुशहाल जीवन और लंबी उम्र की कामना की। इस अवसर पर राजेश, मोहन, और चुन्ना और सचिदानंद मौजूद रहे।


समाचार पत्र वितरक का जन्म दिन मनाया गया। अमृत विचार

### पत्र विक्रेताओं ने प्राण प्रतिष्ठा की दी बधाई

**कानपुर :** अयोध्या में रामोत्सव के अवसर पर समाचार पत्र विक्रेता मदन शर्मा, कमला शर्मा, अजय शर्मा आदि ने लोगों को बधाई दी है।

# रक्षा क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करेगा भारत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीआरडीओ के चेयरमैन डा. समीर वी. कामत ने कहा
- डीएमएसआरडीई गेट पर पूर्व राष्ट्रपति की प्रतिमा अनावरण

**अमृत विचार।** डीआरडीओ रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई नवीन व अत्याधुनिक उत्पादों पर शोध कर रहा है जो अंतिम दौर में है। खासतौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड क्वांटम टेक्नोलोजी पर होने वाले शोध विश्वस्तर के हैं। आने वाले 10 से 15 सालों में देश रक्षा क्षेत्र में पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा। यह कहना है डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामत का। डॉ. कामत ने रविवार को डीएमएसआरडीई गेट पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डीआरडीओ सर्फेस टू एयर, एयर टू एयर और क्रूज मिसाइल बना रहा है। प्राइवेट सेक्टर के निवेश से शोध का इकोसिस्टम मजबूत होगा। रक्षा में शोध कार्य में आगे बढ़ने के लिए युवा वैज्ञानिकों को मिसाइलमैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## खेतों में डेरा डाले किसान बेहाल

**कानपुर देहात।** कड़ाके की सर्दी के बीच छुट्टा गोवंश बेहाल हो रहे हैं। शासन के निर्देश के बाद भी इनको संरक्षित कर पाना अफसरों की गले की फांस बना है। ऐसे में फसल बचाने के लिए कड़ाके की सर्दी में किसान ठिठुरते हुए खेतों में डेरा डालकर फसल की रखवाली करने को विवश हैं।




समस्त जनपद वासियों को
श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी सेल्स कारपोरेशन
समस्त कृषि यन्त्रों के निर्माता एवं विक्रेता
हेड आफिसः मुरादनगर, बिल्हौर, कानपुर नगर
ब्रांचः पूर्वी बाईपास, जी.टी. रोड, सरायमीरा (कन्नौज)

अजीत कुमार मो0: 9839333387
प्रदीप कुमार मो0: 8601333387

अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्री राम परिवार व हनुमान जी का शत्-शत् वंदन
सियाराम मय सब जगजानी। करहुँ प्रणाम जोरि जुग पानी।।

प्रमोद द्विवेदी

श्रीमती नीता द्विवेदी

डॉ. प्रतीक द्विवेदी

लव द्विवेदी

कुश द्विवेदी
कुमार कोल्ड स्टोरेज
जी.टी. रोड, मानीमऊ, कन्नौज (उ.प्र.)
सहयोगी प्रतिष्ठान
कुमार पैलेस, नेरा, कन्नौज
शादी-विवाह व अन्य समारोह हेतु सुविधायें
श्री सद्गुरू इण्टर प्राइजेज (UPL)
खेती सम्बन्धित दवाइयाँ, पोषक तत्व एवं खाद-बीज की सेवायें
लव कुश ट्रेडर्स आढ़ती
दुकान नं- अ-12, विशिष्ट आलू मण्डी, ठठिया (कन्नौज)
मो0: 8318114015, 9453017491

राजीव नयन धरें धनु सायक। भगत बिपति भंजन सुखदायक।।
दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहिं काहुहिं ब्यापा।।


श्यामजी गुप्ता
ए0के0 गुप्ता एण्ड संस
निर्माता- नेचुरल अतर तथा सुगंधित कम्पाउण्ड
जी0टी0 रोड, मकरन्दनगर, कन्नौज- 209726 (उ.प्र.)
मो0- 9415146751, 9506412772,
ई-मेलः tshyamjigupta@yahoo.co.in
उत्पादः रूहखस, गुलहिना, गुलाब, शमामा, हिना, केवड़ा, मोतिया, जाफरी, गुलाब जल, वाशिंग पाउडर, कम्पाउण्ड आदि।

# छात्र की कनपटी पर तमंचा लगा अपहरण

## मैगी प्वाइंट पर ले जाकर पीटा, लोगों के आने पर छोड़ कर भागे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दहशतजदा छात्र का स्कूल जाना बंद, तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बंशी विहार बक्खतौरी पुरवा निवासी भारतीय किसान यूनियन नेता के कक्षा नौ में पढ़ने वाले बेटे की कनपटी पर तमंचा लगाकर युवकों ने अपहरण कर लिया। बाइक सवार अपहरणकर्ता छात्र को बाइक पर जबरन बिठा कर केशव नगर स्थित मैगी प्वाइंट ले गए, जहां छात्र की पिटाई की। क्षेत्रीय लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि पुलिस को घटना की जानकारी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने पर करीब 25 दिन बाद हनुमंत विहार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

मूलरूप से कानपुर देहात, रसूलाबाद निवासी भारतीय किसान यूनियन कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया कि उनका 14 वर्षीय बेटा अक्षय तिवारी अर्रा रोड स्थित कामदगिरी इंटर कॉलेज में नौवीं का छात्र है। 25 दिसंबर दोपहर एक बजे अक्षय घर के सामने खड़ा था। तभी क्षेत्र का रहने वाला संजय अपने दो नाबालिग साथियों के साथ आया और कनपटी पर तमंचा लगाकर अक्षय को जबरन बाइक पर बैठा कर केशव नगर स्थित वीरा मैगी प्वाइंट ले गया। वहां आरोपियों ने अक्षय की पिटाई की। आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। विनय ने बताया कि मामले की जानकारी अर्रा चौकी प्रभारी को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। आरोप लगाया कि काफी समय बीतने के बाद भी हनुमंत विहार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बताया कि बेटा अक्षय आरोपियों के डर के कारण पिछले कई दिनों से स्कूल नहीं जा रहा है। उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद हनुमंत विहार पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि मामला मामूली लड़ाई झगड़े का है, उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद दो नाबालिगों सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## फीलखाना में दो घरों से हजारों की चोरी

**कानपुर।** फीलखाना थानाक्षेत्र में घर से काम पर जाने पर कमरे का ताला खोलकर चोरी की गई। पीड़िता ने युवक पर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई है।

पटकापुर निवासिनी स्वाती तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह चार मंजिला बिल्डिंग में चौथे तल पर निवास करती हैं। जनरलगंज में जॉब करती हैं। बिल्डिंग में तीसरी मंजिल पर रहने वाले शरद गुप्ता आदि ने कमरे का ताला खोलकर चोरी की। दो चेन, एक चूड़ी, पांच जोड़ी टॉप्स, लॉकेट, दो अंगूठी, 20,000 रुपये चोरी कर लिए। एक अन्य निवासी रेखा जायसवाल के घर से तीन अंगूठी, एक जोडी टॉप्स, 6,000 रुपये चोरी हुए। फीलखाना इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शरद गुप्ता पर चोरी की एफआईआर दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं।



# 10 लोकसभा क्षेत्रों के प्रभारी व संयोजक बनाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 10 लोकसभा क्षेत्रों की सूची जारी
- कानपुर लोकसभा प्रभारी का जिम्मा राम शरण कटियार को

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटों के प्रभारी व संयोजक बना दिये गये। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पहली सूची जारी कर दी। इसमें कानपुर लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी राम शरण कटियार को व संयोजक मणिकांत जैन को बनाया गया है।

बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रदेश नेतृत्व की मंशा पर अकबरपुर लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी और संयोजक दिनेश राय को बनाया गया है। इसी तरह फर्रुखाबाद लोकसभा से अजय धाकरे को प्रभारी और संयोजक दिनेश कटियार को बनाया गया। कन्नौज लोकसभा से प्रभारी अरुण पाल और संयोजक की जिम्मेदारी नरेंद्र राजपूत को दी गई। इटावा लोकसभा (सु.) से नीरज चतुर्वेदी को प्रभारी और रजनीश पांडे को संयोजक बनाया गया है। झांसी लोकसभा से नागेंद्र गुप्ता को प्रभारी और जगदीश सिंह चौहान को संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। जालौन लोकसभा (सु.) से मदन पांडे प्रभारी और श्याम सिंह सिसोदिया संयोजक, बांदा लोकसभा प्रभारी ब्रज किशोर गुप्ता, संयोजक बालमुकुंद शुक्ला, हमीरपुर लोकसभा प्रभारी संजय दुबे, संयोजक संतोष चौरसिया और फतेहपुर लोकसभा से प्रभारी राजेंद्र सिंह चौहान, संयोजक दिनेश बाजपेई को बनाया गया है।

### भाजपाई मंदिरों में रहेंगे मुस्तैद, एलईडी लगेगी

**कानपुर।** सोमवार को शहर के मंदिरों में भाजपाई मंदिरों में मुस्तैद रहेंगे। यहां भंडारे के साथ ही प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखने के लिए एलइडी टीवी की भी व्यवस्था होगी। भारतीय जनता पार्टी शहर पर अलग-अलग मठ मंदिरों में जगह-जगह हो रहे भंडारों में नजर आएगी। जिसमें सभी सांसद, विधायक, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, बोर्ड के सदस्य, आयोग के अध्यक्ष रहेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी और जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, सांसद देवेंद्र सिंह बोले सुबह से ही आनंदेश्वर मंदिर परमट धाम में रहेंगे।




# सराफा कारोबारी ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रेम प्रसंग के चलते सुसाइड करने की आशंका

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते सराफा कारोबारी ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। कारोबारी घर से बिना बताए निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कुछ नहीं पता चल सका।


सागर सिंह।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त न हो पाने के कारण शव को मार्चुरी में रखवा दिया। दूसरे दिन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने कारोबारी की शिनाख्त की। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

नजीराबाद थानाक्षेत्र के जवाहर नगर इलाके में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह का 25 वर्षीय बेटा सराफा कारोबारी सागर सिंह पिता और बड़े भाई पवन सिंह के साथ सीसामऊ बाजार और बनखंडेश्वर मंदिर के पास की दुकानों को संभालता था।

परिजनों के अनुसार सब कुछ ठीक चल रहा था। शुक्रवार रात सागर सिंह घर से स्कूटी से बिना बताए चला गया था। देर रात तक नहीं लौटा तो पिता और बड़े भाई पवन ने दोस्तों, नाते, रिश्तेदारों में उसकी जानकारी की। लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। शनिवार सुबह भी वे लोग एक बार फिर से सागर को ढूंढने निकले तो रात में कल्याणपुर में यूनिवर्सिटी के सामने ट्रेन से दुर्घटना की सूचना मिली। जिसके बाद रविवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां सागर का शव देखकर चीख पुकार मच गई। घटना के बाद मां नीलम अचेत हो गईं व बड़ा भाई पवन बदहवास हो गया। आजाद मार्केट, सीसामऊ, बनखंडेश्वर के सराफा कारोबारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

परिजनों ने घटना के पीछे के कारणों के बारे में कुछ नहीं बताया है। वहीं कल्याणपुर पुलिस ने बताया कि युवक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात को लेकर परिजन खफा थे। वह उस युवती से संबंध खत्म करने का दबाव बना रहे थे। यही कारण रहा कि युवक ने कुछ दिन से युवती से बात बंद करके नया सिम ले लिया था।

कल्याणपुर इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# 12 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**कानपुर।** श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित राम कृपा लॉन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 12 जोड़ों ने सात वचन देकर सात जन्मों तक साथ रहने का वादा किया।

कार्यक्रम में एक साथ 12 दूल्हों की बारात ने सभी को आकर्षित किया। इस दौरान मुरारी लाल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, नरेश बाजोरिया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा ने आयोजित किया सामूहिक विवाह। अमृत विचार

## नाबालिग कार चालक ने मारी टक्कर

**कानपुर।** चौकी प्रभारी विराट नगर नंदू सिंह ने बताया कि शंकराचार्य नगर, वाई ब्लॉक निवासी उदय नारायण तिवारी का 15 वर्षीय बेटा रविवार सुबह बिना परिजनों को बताए घर से चुपचाप कार लेकर निकल गया था। सुबह करीब सात बजे मोपेड सवार यशोदा नगर निवासी राजेंद्र केसरवानी को टक्कर मार दी। इसके बाद कार मिक्की हाउस की दीवार में घुसेड़ दी। क्षेत्रीय लोगों ने नाबालिग को पकड़कर डॉयल 112 पर सूचना दी।

# नगर निगम ठेका दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- न्यायालय के आदेश पर मूलगंज थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** फर्जी दस्तावेज तैयार करके रिश्तेदारों ने नगर निगम का ठेका दिलाने के नाम पर मिठाई कारोबारी से धोखाधड़ी कर ली। मूलगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

दर्शनपुरवा के रहने वाले अतुल कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके मौसा ज्ञान प्रकाश गुप्ता उर्फ मल्लू गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता उर्फ नाटे गुप्ता, प्रशान्त गुप्ता उर्फ बिट्टू गुप्ता, व दो अन्य सोसाइटी इन्दिरा नगर कल्याणपुर के रहने वाले हैं। बताया कि बेरोजगारी का फायदा उठाते हुए उन्होंने एक दिन स्वीट हॉउस परेड बुलाकर पार्किंग स्टैंड दिलवाने का लालच दिया। उनके मौसा के 20 वर्ष पुराने स्टैंड के ठेकेदार होने के नाते उन पर विश्वास कर लिया। आरोप लगाया कि आरोपियों ने स्वरूप नगर का पार्किंग स्टैंड दिलाने की बात करके उनसे तीन लाख रुपये नगर निगम का ठेका शुल्क रुपये 80,000 सिक्योरिटी मनी व रुपये 80,000 अन्य खर्चे बताए। आरोप है कि उक्त लोगों की बनाई गई योजना में फंसकर उन्होंने प्रशान्त गुप्ता के खाते में अलग-अलग तिथियों 12 मार्च 2019 से लेकर 01 सितंबर 2020 तक दो लाख दस हजार जमा करे। वहीं कुल 4,60,000 रुपये दे दिया है। आरोप है कि कोरोना व लॉकडाउन का बहाना बनाकर आरोपियों ने कई महीनों तक उनसे टालामटोली की। इसके बाद पुलिस से मामले की शिकायत की गई। आरोप है कि तीन अक्टूबर 2020 को मल्लू गुप्ता ठेके का एलाटमेन्ट लेटर व मिठाई के साथ एक स्वीट हाउस मूलगंज पर मिले और एक नगर निगम का कागज दिया बोले ठेका हो गया है।

पीड़ित का आरोप है कि ठेका लेटर के अनुसार तीन अक्टूबर 2020 से 31 मार्च 2021 तक कुल 6 माह का ठेका था तो अक्टूबर 2020 से ही विपक्षीगण अगले वर्ष के ठेका दिलाने के लिए पुनः रुपयों की मांग करने लगे। प्रशान्त गुप्ता के खाते और नकद 60 हजार रुपये दे दिए। अप्रैल 2021 का ठेका के लिए नकद पांच लाख रुपये मांगने लगे। उसके बाद एक नगर निगम का नोटिस मिला जो कि टैक्स देनदारी का था। जिस पर जय प्रकाश का नाम था। उन्होंने ठेका लेने से मना कर दिया।

उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों 20 अप्रैल 2021 को उनसे मिले। इस दौरान उन्हें एक नया नगर निगम का एलाटमेन्ट लेटर दिया और सारा पैसा वापस करने से मना कर दिया। आरोप है कि 20 अप्रैल से 31 मार्च 2022 तक ठेका था। बोले ठेका चलाओ नहीं तो पैसे भूल जाओ। अपने पैसों की वापसी के लिए नगर निगम पहुंचा तो पता चला कि वर्ष 2021 का ठेका जय प्रकाश गुप्ता उर्फ नाटे गुप्ता के नाम है व इसके पूर्व का ठेका भी इन्हीं के नाम था, और जो भी एलाटमेन्ट लेटर व प्रपत्र दिए वह फर्जी थे।



# जाम रोकने के लिए सभी चौराहों पर सेक्टर प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



● सभी जोन के टीआई पुलिस के साथ मौजूद रहेंगे

**अमृत विचार।** 22 जनवरी को पूरे शहर से जुलूस निकाले जाएंगे। जाम से निपटने के लिए सोमवार सुबह आठ बजे से सभी जोन के टीआई स्थानीय पुलिस के साथ मौजूद रहेंगे। सभी जोन के छोटे-बड़े चौराहों पर सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति की गई है।

22 जनवरी को शहर से 61 से ज्यादा जुलूस निकाले जाएंगे। जगह-जगह पूजन, भजन कीर्तन व विशाल भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर रविवार शाम ट्रैफिक पुलिस की मैराथन बैठक हुई। एडीसीपी ट्रैफिक अंकिता शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे से सभी जोन के टीआई की ड्यूटी रहेगी।

जोन के प्रमुख चौराहों का यातायात नियंत्रित करने के लिए सेक्टर प्रभारी की नियुक्ति की गई है। टीएसआई सेक्टर प्रभारी के साथ ट्रैफिक कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल व चार-चार होमगार्ड रहेंगे। यातायात व्यवस्था संभालने के लिए तीन शिफ्टों में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

# एमएसएमई के डीजीएम ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में एमएसएमई के डीजीएम ने कुछ लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उन लोगों ने उन्हें घेरकर मारपीट और गालगलौज की। डीसीपी के आदेश पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार को बताया कि उनका कानपुर में डीसी-एमएसएमई केंद्र है। छह दिसंबर को लगभग 11 बजे शिवम यादव, सत्यम, धीरेंद्र सिंह, अखिल, जीतेंद्र, धीरज पांडे, अंकित श्रीवास्तव ने उन्हें घेर लिया। आरोपी आनंद दयाल के इशारे पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकियां दीं। पहले भी इस तरह की घटनाएं घट चुकी हैं।

इस संबंध में सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि डीसीपी सेंट्रल के आदेश पर शिवम यादव, सत्यम, धीरेंद्र सिंह, अखिल, जितेंद्र, धीरज पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, आनंद दयाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# 9 हजार परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में रविवार को हुई सीटीईटी परीक्षा में 9,832 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 70, 232 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। दो पालियों में परीक्षा 76 केंद्रों में हुई। शहर में ई-सिटी बसों का संचालन न होने से बाहर के परीक्षार्थियों को परेशानी उठानी पड़ी।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 7.30 बजे से थी। परीक्षार्थी ठिठुरते हुए पहुंचे। गुरुनानक मॉडल स्कूल, डीपीएस बर्रा, हरमिलाप, पं. दीनदयाल उपाध्याय सहित अन्य केंद्रों में परीक्षा हुई। परीक्षार्थी जोमैट्री बॉक्स और पेंसिल बॉक्स भी केंद्र के भीतर नहीं ले सके। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र सामान्य के मुकाबले बेहतर रहा। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को सिटी बसें ने चलने की वजह से परेशानी उठानी पड़ी। इसका लाभ ईरिक्शा संचालकों को मिला। उन्होंने मनचाहे दाम वसूले।



सीटीईटी परीक्षा देने उमड़े परीक्षार्थी। अमृत विचार

● ई-सिटी बसें न चलने से हुई भारी परेशानी







# जिले की सीमाओं पर बैरियर लगा चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस चौकन्ना
- कम्पिल में बैरियर लगाकर बारीकी से चेकिंग

**04** जोन में बांटा गया जनपद

**14** सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात हुए



जिले की सीमा पर बैरियर लगाकर चेकिंग करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राम जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस ने जिले की सीमाओं पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान विकास कुमार खुद रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहै हैं।

राम जन्मभूमि में कार्यक्रम को लेकर एसपी के निर्देश पर जिले भर की पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना हो गई है। जिले की सीमा सीमाओं पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से जिले को चार जोन और 14 सेक्टर में विभाजित करके सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट पल-पल की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एटा, अलीगंज, दिल्ली से आने वाले वाहनों की कम्पिल और कायमगंज में बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही है।

सुरक्षा के मद्देनजर जिले भर में चेकिंग अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस हर संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ले रही है। एसपी विकास कुमार ने शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर जाकर गहन चेकिंग की। वहीं दूसरी तरफ कानपुर की तरफ से आने वाले वाहनों को खुदागंज पर बैरियर लगाकर चेक किया जा रहा है। बेवर, छिबरामऊ से आने वाले वाहनों की नाला बघार पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की गई है। पुलिस बिना चेकिंग के किसी भी वाहन को निकलने नहीं दे रही है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी जारी रहेगा।

# रामनगरिया के मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी आग

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- एक मरणासन्न, ट्रैक्टर से शवों को घसीटने का ग्रामीणों ने किया विरोध, चालक भागा



मुख्य प्रवेश द्वार पर लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन का केबिल बाक्स फटने से मेला रामनगरिया के मुख्य द्वार पर आग लग गई। इससे भगदड़ मच गई। बिजली आपूर्ति बंद कर आग को बुझाया गया।

पांचाल घाट चौकी क्षेत्र के गंगा किनारे उत्तरी बंधा पर स्थित नारायण आश्रम के लिए बिजली विभाग शहरी क्षेत्र से 11 हजार की लाइन अंडर ग्राउंड डाली गई है। लाइन का केबल बाक्स मेला राम नगरिया प्रवेश द्वार के पास रखा गया है। शनिवार रात करीब 12 बजे केबिल बाक्स फटने से मुख्य प्रवेश द्वार पर आग लग गई। आग लगी देख भगदड़ मच गई।

घटना की जानकारी मोहित पांडेय व मनोज पंडा ने फायर ब्रिगेड व बिजली विभाग को दी। बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। पांचाल घाट उपकेंद्र के अवर अभियंता विजय शंकर यादव ने बताया कि केबिल बाक्स फटने से आग लगी थी, जिसे दुरुस्त कर दिया गया है।

## बिजली उपकेंद्रों पर की गई साफ-सफाई

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जनपद के भोलेपुर, पांचाल घाट, जसमई और ठंडी सड़क आदि उपकेंद्रों पर रविवार को साफ-सफाई की गई। पांचाल घाट के जूनियर इंजीनियर विजय शंकर यादव ने बताया कि सोमवार को उपकेंद्र पर प्रसाद बांटा जाएगा।

# अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा, रामनगरिया में धूम

## संत-महात्मा आज गंगा मइया को करेंगे 2100 दीपदान, दीपों से जगमग होगा मेला रामनगरिया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



मेला रामनगरिया में मर्यादा पुरुषोत्तम की लीलाओं पर प्रकाश डालते महंत सत्यगिरी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गंगा तट पांचाल घाट पर बसी मेला रामनगरिया में पूजा- अर्चना शुरू हो गई है। यहां संत-महात्मा सोमवार को 2100 दीप जलाकर गंगा मां को दान करेंगे। पूरे मेला परिसर में प्रकाश की भव्य व्यवस्था की जाएगी। मेले में दीपावली जलाकर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

मेला रामनगरिया में कल्पवास कर रहे महात्मा सत्य गिरी ने बताया कि संतों ने अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम के आने पर आज से ही पूजा अर्चना शुरू कर दी है। मेला रामनगरिया में प्रभु राम की लीलाओं की चर्चा तेज हो गई है। महात्मा सत्यगिरी का कहना है कि आज अखंड रामायण का पाठ शुरू किया जाएगा और कल प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संत महात्माओं ने आज इकट्ठा होकर भगवान राम की लीलाओं पर चर्चा की।

मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित ने बताया कि प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मेले में जश्न का माहौल है। सोमवार को पूरे मेला परिसर में विशेष प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी और प्रभु राम की महाआरती करके 2100 दीप गंगा में दान किए जाएंगे। इस दौरान महात्मा सागर गिरी, महात्मा मोहन दास ने भी प्रभु राम की लीला ओं पर चर्चा की। महात्मा मोहनदास ने कहा कि 500 साल बाद यह खुशी का दिन आया है, जिसको लेकर मेला रामनगरिया में संत महात्मा दीपावली मनाएंगे।

## बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है

**फर्रुखाबाद :** शहर के मोहल्ला सेनापति में डॉ. महेशचंद्र शर्मा 'प्रबल' की स्मृति में रविवार को काव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया। कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश शुक्ल ने कहा कि डॉ. महेशचंद्र शर्मा को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने 'कहते हैं प्रांत के ये बुझते दिये, जलते रहे रात भर औरों के लिए' रचना सुनाई। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि डॉ. शिवओम अंबर ने रचना सुनाई 'बिना राम के आदर्शों का चरमोत्कर्ष कहां है, बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है'। संयोजक डॉ. कृष्णकांत अक्षर, गीता भारद्वाज, रामशंकर अबोध, गरिमा पांडेय, भारती मिश्रा व रवि शुक्ल नटखट आदि ने भी रचनाएं सुनाईं। इस मौके पर गोपाल शर्मा, राजेश शर्मा व उमेश शर्मा ने साहित्यकारों को शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष पांडेय ने किया।

## नवनिर्मित शिवमंदिर से निकली शोभायात्रा

**कायमगंज :** नवनिर्मित शिवमंदिर से धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्री राम के जयकारे भी लगे। भारी संख्या में महिला व पुरुष शामिल हुए। भक्तिमय भजनों पर लोग झूम उठे। श्रीराम जन्म भूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के लालकुआं रोड स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में भी भगवान की मूर्तियों की स्थापना को लेकर कई दिन से अनुष्ठान चल रहा है। मंदिर में राम दरबार, हनुमान जी, मां दुर्गा जी, भगवान शंकर आदि भगवान की मूर्ति स्थापित होना है। रविवार को प्राण प्रतिष्ठा से पहले शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के लालकुआं रोड से होते हुए मुख्य मार्ग से होकर निकली, जहां नगर के सभी मंदिरो में पहुंच कर पूजा अर्चना की गई। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ। पुष्पवर्षा हुई। इस दौरान भजनों पर लोग भक्ती के सागर में हिलोरें लेते नजर आए। भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



रविवार को श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। अमृत विचार

# प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में निकली शोभा यात्रा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचारः** अयोध्या में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव के गलियारों से लेकर शहर तक जश्न का माहौल है। कहीं लोग शोभायात्रा निकाल रहे हैं तो कहीं पूजा-पाठ कर खुशियां मना रहे हैं। कोल्हासोता के प्रधान पति ने शोभा यात्रा निकाली।

राजपुर प्रतिनिधि के अनुसार कोलासोता (हरपालपुर) के प्रधान पति राकेश सिंह परमार, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह परमार ने शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा को राकेश सिंह परमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छोटे भाई जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ यात्रा की अगुवाई की। यात्रा में दुपहिया, चार पहिया वाहन शामिल थे। सभी डीजे की धुन पर जय श्रीराम के नारों का जयघोष करते हुए कोलासोता से चलकर पीथनापुर, रतनपुर पमारन, राजपुर बाजार से अमृतपुर ठाकुर हनुमानजी की मूर्ति के पास रुकी। राजेपुर के हनुमान मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। रास्ते में दो बार एम्बुलेंस आईं, जिन्हें रास्ता दिया। हाईवे पर चलने वाले वाहनों को कोई असुविधा नहीं हुई। यात्रा में रामकुमार सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह परमार, प्रदीप सिंह राठौर, आकाश सिंह राठौर, विनय त्रिपाठी, अनिल कुशवाहा प्रधान भावन, श्यामू सिंह परमार, पप्पू तिवारी आदि रहे।

# बच्चे के साथ फांसी पर झूल गई महिला

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में रविवार की शाम महिला ने अपने आठ माह के बेटे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर पाते पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए ।

श्याम नगर निवासी आकांक्षा( 22 ) पत्नी अखिलेश ने पहले अपने 8 माह के बेटे दिव्यांश को फांसी लगाई ।इसके बाद वह खुद फांसी पर झूल गई। जिससे दोनों की मौत हो गई। मृतका की जेठानी सुनीता पत्नी पंकज ने बताया की उसका देवर अखिलेश बेवर रोड पर चाट समोसा की दुकान लगाता है। आज वह अपनी दुकान पर चला गया ।इसके बाद आकांक्षा ने कमरा बंद कर लिया । उसकी सास माया देवी कमरा खुलवाने गई तो कमरा नहीं खुला । सास ने सुनीता को जानकारी दी। सुनीता का कहना है कि वह भी आवाज लगाती रही। जब कोई आवाज नहीं आई तो उसने अपने देवर अखिलेश को फोन किया। अखिलेश ने कमरे की कुंडी तोड़कर पत्नी और पुत्र को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सूचना मिलते ही कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद शुक्ला और सीओ सिटी प्रदीप सिंह पहुंचे। सीओ सिटी प्रदीप सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# डबल इंजन सरकार ने देश को समृद्धशाली बनाया : भोले

संवाददाता शिवली अमृत विचार

- प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को अवास की चाबी सौंपी गई
- गर्भवती स्त्रियों को गोद भराई करके मंच पर उन्हें किया गया सम्मानित



आवास की चाभी सौपते सांसद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकसित भारत यात्रा का कार्यक्रम रविवार को नगर पंचायत शिवली में संपन्न हुआ। इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद देवेंद्र सिंह भोले व नगर पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए।

विकसित भारत यात्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत रविवार को शिवली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद देवेंद्र सिंह भोले प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को अवास की चाबी सौंपी गई। साथ ही गर्भवती स्त्रियों को गोद भराई करके सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गोल्डन कार्ड लाभार्थियों को दिए गए। सांसद ने कहा सोमवार को श्रीरामलला के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। इस समय का इंतजार शताब्दियों से किया जा रहा था यह पल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ। मोदी एवं योगी की डबल इंजन सरकार ने देश को समृद्ध बनाने के लिए विकास की क्रांतिकारी योजनाएं प्रारंभ की जिसका परिणाम अब आप सबके सामने है।

वही नगर पंचायत अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कहा कानपुर देहात विकास के नए आयाम को प्राप्त कर रहा है। जिले में कई विकास की योजनाएं चल रही हैं। इस अवसर पर शिवली चेयरमैन अवधेश शुक्ला,तहसीलदार मैथा पवन कुमार,कोतवाल शिवली शिवनारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# गलन से जनजीवन रहा अस्त व्यस्त

**कानपुर देहात।** जनपद में कड़ाके की सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पारा गिरने व ठंडी हवा से बढ़ी गलन से लोगों के साथ पशु पक्षी बेहाल हो रहे हैं। रविवार को भी शीतलहर के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन आसमान में सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। वहीं पारा सामान्य से 9 डिग्री नीचे पहुंचने तथा बर्फीली हवा में राहगीर बेहाल रहे। शाम होते ही गलन बढ़ने से सन्नाटा पसर गया।

जनपद में मौसम बार बार करवट बदल रहा है। कड़ाके की सर्दी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। जबकि शीतलहर कहर बरपा रही है। कड़ाके की सर्दी व पारा गिरने के साथ ही पाले के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। आलू मे झुलसा रोग लगने के साथ ही पत्तवाली फसलों में छेदक कीट का प्रकोप शुरू हो गया है। रविवार को भी बदली व बर्फीली हवा के साथ दिन शुरू हुआ। शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। जरूरी काम से निकले लोग ठिठुरते दिखे।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग में हुई थी चाट विक्रेता की हत्या

संवाददाता, सिकंदरा

- अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी

**अमृत विचार।** पुलिस ने बीते गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र के रसधान कस्बा निवासी एक युवक की हथौड़ा मार कर की गई हत्या के मामले में महज 48 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए हत्यारोपियों को मुखबिर की सूचना पर रविवार को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद हथौड़ा व देशी तमंचा 315 बोर तथा दो अदद जिंदा कारतूस समेत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। जहां से दोनों को जेल भेजा गया।

गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र के रसधान कस्बे में चाट का ठेला लगाने वाले 25 वर्षीय दीपक की हत्या कर दी गई थी दूसरे दिन उसका शव गांव के बहार खेतो में पड़ा मिला पुलिस ने परिजनों ने की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

वही रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रवि कुमार निवासी दौलतपुर थाना फफूंद जनपद औरैया को हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद हथौड़ा,एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर के साथ सूर्या तिराहे से धर दबोचा। वहीं दूसरे हत्यारोपी कामिनी को शनीचरा बाजार कस्बा रसधान से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक दीपक की पत्नी कामिनी से उसका प्रेमप्रसंग शादी होने के पूर्व से चल रहा था। कामिनी तथा वह अक्सर फोन पर बातचीत करते थे। जिसकी भनक मृतक दीपक को लग गई थी। इस बात से तंग आकर उसने पत्नी कामिनी के साथ बीते गुरुवार की शाम घर आते वक्त रसधान तथा मदनपुर के मध्य रास्ते में उसने सिर में हथौड़े के प्रहार करके दीपक की हत्या कर दी।

## सार-संक्षेप

### जानवर टकराने से स्कूटी सवार दो लोग घायल

**पुखरायां।** कस्बा वार्ड सात के प्रशान्त कुमार ने बताया कि, उसके भाई विनोद कुमार (28) और राजेन्द्र नगर के कबीर शर्मा (30) स्कूटी में सवार होकर पटेल चैक की तरफ आ रहे थे, झांसी और कानपुर हाइवे पर गदाई खेड़ा गांव के सामने हाइवे पर स्कूटी के आगे अचानक जानवर आ जाने के कारण जानवर से टक्कर होने से दोनो लोग घायल हो गए, स्थानीय लोगो के द्वारा सीएचसी लाया गया,जहां पर डा आरती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद विनोद कुमार की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### मिट्टी का अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली पकड़े

**रसूलाबाद।** इदलपुर लालू गांव ग्राम सभा की भूमि से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पकड़ लिया। वही मौके से अन्य ट्रैक्टर भागने में सफल हो गए। शनिवार सुबह इंदलपुर लालू गांव में ग्राम सभा की भूमि से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। स्थानीय लोगो ने मिट्टी के अवैध खनन की सूचना तहसील प्रशासन को दी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्राली समेत चालक को पकड़ लिया। वही दूसरे ट्रैक्टर समेत चालक भाग निकला। एसडीएम नीलमा यादव ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जाएगी।




धार्मिक आयोजन — हाथों में केसरिया झंडों को लेकर डीजे पर बज रहे भक्तिमय भजनों पर लोग खूब नाचे

# कहीं शोभा यात्रा तो कहीं रामायण का पाठ

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



रनियां में संकल्प यात्रा निकालते सासंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कानपुर देहात में रविवार को जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कही पर शोभा यात्रा निकाली गई तो कही सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया

रविवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने माती कलेक्ट्रेट से शोभा यात्रा निकाली। नबीपुर, अकबरपुर ,रनिया ,किशरवल ,परसौली ,अलियापुर ,लालपुर शिवराजपुर ,बैरी होते हुए शिवली कस्बे में यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारों पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वही रनिया में रविवार को विशाल जन जागरण शोभायात्रा निकाली गई। चिटिकपुर चौराहे से शुरू हुई यात्रा में क्षेत्रीय सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष भाजपा मनोज शुक्ला ने प्रभु श्रीराम, जानकी तथा लक्ष्मण की आरती उतारी। इस दौरान भीड़ के हाथों में लहरा रहे केसरिया झंडों तथा डीजे पर बज रहे भजन व विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। पूरी यात्रा के दौरान आतिशबाजी से सतरंगी छटा बिखर गई।

## आज राममय होगा मूसानगर कस्बा

**मूसानगर।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कस्बे के मंदिरों में भव्य सजावट के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां पूरी कर ली गई है। पौराणिक देवयानी सरोवर (छोटी गया) में दीपोत्सव भजन व विशाल भंडारे का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। देवयानी सरोवर में साफ सफाई के काम व सजावट को लेकर तैयारी की गई है। कार्यक्रम का आयोजन जय मां काली देवी सेवा समिति ,नव युवक रामलला सेवा समिति,लोहाई रामलीला सेवा समिति, देवयानी सरोवर करवा चैथ रामलीला कमेटी, प्रेमनाट्य परिषद, मां दुर्गा नव युवक जागरण कमेटी के नेतृत्व में किया जा रहा है।



# चंपापुरवा में ध्वज लगाने पर दूसरे समुदाय से हुआ विवाद

## काफी देर तक दोनों पक्षों में हुआ विवाद, जागरूक लोगों ने दोनों पक्षों को कराया शांत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वज लगाये जा रहे थे, जिस पर विशेष समुदाय के लोगों ने विरोध किया। जिस पर दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। जिससे चंपापुरवा में रविवार को फिर एक बार बड़ा विवाद हो सकता था, लेकिन क्षेत्र के जागरूक लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। जिसके बाद क्षेत्र में ध्वज पताकाएं लगाई गई।

चंपापुरवा निवासी भाकियू नेता विनोद कश्यप की 14 जनवरी को श्री राम के नारे लगाने पर विशेष समुदाय के हिस्ट्रीशीटर शमशेर उर्फ काले खा ने हत्या कर दी थी। जिसके बाद से मोहल्ले में भारी


विवाद के दौरान लगी क्षेत्रीय लोगों की भीड़। अमृत विचार

पुलिस फोर्स तैनात है।

रविवार सुबह चंपापुरवा में कुछ लोग श्री राम की ध्वज पताकाएं मुख्य मार्ग पर दुकानों और घरों में लगा रहे थे, तभी गोताखोर गली के बाहर विशेष समुदाय के लोगों ने इसका विरोध किया। विरोध होने पर दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया।

● चंपापुरवा में फिर हो सकती थी बड़ी घटना

इस देख क्षेत्रीय लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। जिसके बाद क्षेत्र के जागरूक लोग पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। इसके बावजूद कोई मानने को तैयार नहीं हुआ।

जिस पर क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि जब रोशनी का पर्व होगा तो हम लोगों के घर के बाहर भी साज सज्जा नहीं होने देंगे। जिसके बाद वह लोग माने और मामला शांत हुआ। नहीं तो एक बार फिर से बड़ी घटना हो सकती थी। मामला शांत होने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने घरों और दुकानों के अलावा विद्युत पोल में श्रीराम के ध्वज लगाये।

## ब्रेक लगाने पर ट्रक में घुसी पिकअप चालक को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार दोपहर बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे से पिकअप घुस गई। वाहन क्षतिग्रस्त होने पर ट्रक चालक को पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया।

रविवार दोपहर एक पिकप चालक अयोध्या पूजन की सामग्री लेकर जा रहा था, जैसे ही बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास पहुंचा, तभी सड़क पर ब्रेकर आने के कारण आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। पिकअप चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन पिकअप ट्रक में जा घुसी। जिससें पिकअप क्षतिग्रस्त हो गया और चालक, परिचालक को मामूली चोटें आई। गुस्साएं चालक और राहगीरों ने ट्रक चालक को रोक लिया और उसकी पिटाई कर दी। मारपीट की जानकारी बैराज चौकी पुलिस को दी। पुलिस ने बीच बचाव किया।

# कोहरा और बर्फीली हवाओं से दिनभर ठिठुरते रहे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● कड़ाके की सर्दी जारी, 3 बजे के बाद सूरज दिखा

● शाम को फिर गलन बढ़ी, अभी ऐसा ही रहेगा मौसम

**अमृत विचार।** रविवार को सुबह से ही सर्दी ने इस कदर सितम ढाया कि हर कोई कंपकंपा गया। पूरे दिन शीत लहरे चलने के कारण हर कोई ठिठुर गया। तीन बजे के बाद सूरज चमका लेकिन वह भी बेसअर रहा। जिससे आने जाने वाले लोग ठिठुरते नजर आये। वहीं शाम को एक बार फिर से गलन बढ़ने से हर कोई ठिठुरता दिखाई पड़ा।

इधर कई दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवाओं ने हर किसी को झकझोंर दिया है। जिससे आने जाने वाले लोग पूरा शरीर ढक कर निकल रहे। रविवार सुबह के समय कोहरे की धुंध छाई रही। दोपहर के सयम चली बर्फीली हवाओं ने हर किसी को झकझोंर दिया। जिससे आने जाने वाले लोग ठिठुरते नजर आये। वहीं पालिका की ओर से पर्याप्त अलाव न जलवाये जाने पर लोग कूड़ा करकट जलाकर आग


सुबह के समय इस तरह छाया कोहरा। अमृत विचार

तापने को मजबूर हैं। इसके साथ ही दोपहर करीत तीन बजे सूरज निकला लेकिन सर्दी कम नहीं हुई। गलन बराबर जारी रही। शाम चार बजे से और ठंड बढ़ गई। हर कोई ठिठुरता नजर आया। शाम को गलन और भी बढ़ गई। लोग अपने काम निपटा कर जल्द घर की ओर भागते दिखे। सुबह के समय अधिक सर्दी होने के कारण बैराज मार्ग, आजाद मार्ग, फोरलेन के अलावा नवीन पुल से आने जाने वाले वाहन सवार अपने वाहनों की लाइटें जलाकर गुजरे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग पूरे दिन अलाव के पास बैठे रहे। इसके साथ ही शहर में लोग हीटर, ब्लोअर की पूरे दिन आंच लेते रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा के लिये श्रीराम, जानकी की प्रतिमा को कराया नगर भ्रमण


प्राण प्रतिष्ठा के लिये निकाली जाती शोभायात्रा। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आजाद मार्ग स्थित कैलाश बिहार में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम, मां जानकी और हनुमान जी की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसे देखते हुये रविवार को ग्रामीणों ने प्रतिमाओं को नगर भ्रमण कराया। इसके साथ ही गंगा तट से लेकर प्राचीन मंदिरों में दर्शन किये।

● आजाद मार्ग कैसाथ बिहार में होगा आयोजन

कैलाश बिहार आजाद मार्ग रजवा खेड़ा में भव्य श्री राम जानकी शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रविवार से शुरू हो गया है। जहां सुबह के समय आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जिसके बाद ग्रामीण भगवान श्रीराम, मां जानकी और हनुमान जी की प्रतिमाओं को लेकर गंगा तट पहुंचे। जिसके बाद दुर्गा मंदिर, ऋषि आश्रम, गोकुल बाबा मंदिर में दर्शन किये। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि आज मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी। जिसके बाद भंडारे का आयोजन कराया जायेगा। इस मौके पर निर्भय मिश्रा, नरेश मिश्रा, ओपी पांडे, बबलू शुक्ला, महेंद्र सिंह समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन होटल में खुलेआम भरवाई जा रही मिट्टी

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज कस्बा स्थित निर्माणाधीन एक होटल में बिना परमिशन के डंपरों से मिट्टी डाली जा रही है। लेकिन पुलिस व खनन विभाग को इसकी भनक तक नहीं है। जिससे खनन माफिया खुलेआम मिट्टी डलवा रहे हैं।

नवाबगंज कस्बा से 100 मीटर की दूरी पर एक निर्माणाधीन होटल में बिना अनुमति के बीते कई दिनों से डंपरों से दिनदहाड़े मिट्टी डाली जा रही। लेकिन कोतवाली पुलिस व खनन विभाग के अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। इससे खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी डलवा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि इस खनन में एक बन्द पड़े ईंट भट्ठे के मालिक की मिलीभगत है। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने कहा कि बगैर परमिशन के मिट्टी डालने से मना किया है। अगर डाल रहे हैं तो कार्यवाही की जायेगी।

# डॉक्टर आसिफ के घर सुंदरकांड पति-पत्नी ने किया पूजन

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में पूरा शहर राममय है। ऐसे में वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर आसिफ अली जाफरी ने भी कल्याणपुर स्थित अपने घर पर रविवार को सुंदरकांड का पाठ कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पति- पत्नी ने विधिवत पूजन अर्चन किया और सुंदरकांड का पाठ भी किया। इस दौरान बड़े पैमाने पर लोग इस कार्यक्रम के हिस्सा बने।

डॉक्टर जाफरी राममंदिर आंदोलन में वर्ष 1990 और 1992 में जेल भी जा चुके हैं। उन्होंने कारसेवकपुरम में कई दिनों तक प्रवास किया था। राम मंदिर निर्माण आंदोलनों में डॉ. जाफरी हिस्सा लेते रहे हैं। रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा बुलंद करने वाले डॉ. जाफरी और उनकी पत्नी काफी खुश हैं। रामलला मंदिर


सुंदरकांड पाठ में पूजा करते डॉ. आसिफ और उनकी पत्नी। अमृत विचार

● राम मंदिर आंदोलन में दो बार जेल जा चुके हैं।

की स्थापना की शुरुआत हुई तो वे फूले नहीं समाए थे। अब प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है तो उनकी खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं है। डॉक्टर जाफरी के अनुसार जो सेवा कार्य दशकों पूर्व किया था, उसका प्रतिफल अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के रूप में मिल रहा है। इससे ज्यादा सौभाग्य की बात हो नहीं सकती है। इसी कड़ी में सुंदरकांड के पाठ का आयोजन कराया है। डॉक्टर जाफरी रोजाना प्रभु श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना करते हैं और तिलक लगाते हैं। वह कहते हैं कि राम की कृपा उनके पूरे परिवार पर रहती है। राम सबके हैं। हमारे राष्ट्र गौरव हैं। उनमें सबकी आस्था है। उन्हें जाति-धर्म में नहीं बांटा जा सकता है।

## माती डिपो को मंजूरी, एआरएम की तैनाती

**कानपुर देहात।** तीन साल पहले संचालित हुए माती डिपो को शासन की मंजूरी मिल गई। इसके साथ ही डिपो में एआरएम की तैनाती भी कर दी गई। इसके साथ ही डिपो को जल्द तीन दर्जन से अधिक बसें मिलने की उम्मीद बन गई है।

कानपुर नगर से 25अप्रैल 1981को दूसरी बार प्रथक होकर अस्तित्व में आए जिले में अभी तक परिवहन समस्या का निदान नहीं हो पाया है। माती में 439.53 लाख की लागत से बने रोडवेज डिपो का 19 फरवरी 2021 को 15 पुरानी बसें उपलब्ध कराकर उद्घाटन हुआ था। उस समय दिल्ली, लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर व प्रयागराज आदि बडे.शहरों के लिए सीधी बस सेवा शुरू कराई गई थी। लेकिन डिपो का परिवहन मुख्यालय से अनुमोदन न होने से तमाम शहरों के लिए बसों की कमी के साथ ही आंतिरक कस्बों के लिए परिवहन समस्या बनी हुई थी।

# पांडु में गिर रहे नालों में होगा बायोरेमिडियेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांडु नदी में गिरने वाले छह नालों में बायोरेमिडियेशन का कार्य जल्द शुरू होगा। यूपीपीसीबी की ओर से नगर निगम पर 90 लाख रुपये के जुर्माने की कार्रवाई के बाद नगर निगम जागा है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने पर्यावरण अभियंता आरके पाल को पत्र लिखकर कहा है कि यूपीपीसीबी के नालों में बायोरेमिडियेशन कार्य करने की जिम्मेदारी आपकी है, इसलिए इसे तुरंत शुरू किया जाए।

पांडु नदी में गंदा नाला, अर्रा नाला, सागरपुरी नाला, पिपौरी नाला, पनकी थर्मल नाला और हलवा खांड़ा नाला गिर रहे हैं। ये सभी नाले बिना बायोरेमिडियेशन के ही नदी में गिर रहे हैं।

### दो महीने की रिपोर्ट में गंगा मिली प्रदूषित

नवंबर और दिसंबर में 10 नालों ने गंगा और सहायक नदी पांडु को बुरी तरह से प्रदूषित किया। नालों में बायोरेमिडिएशन (जैविक विधि द्वारा शोधन) न होने और नालों का दूषित पानी गंगा व पांडु नदी में जाने पर यूपीपीसीबी ने नगर निगम को 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही कार्रवाई के लिए यूपीपीसीबी के पर्यावरण अधिकारी को संस्तुति की है। वहीं, गंगा व पांडु नदी में नालों का गंदा पानी सीधे प्रवाहित करने पर पहले भी यूपीपीसीबी ने नगर निगम पर कुल एक करोड़ पचपन लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

## स्वास्थ्य मेले में 68 मरीजों का परीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां सर्दी अधिक होने के कारण सुबह के समय मरीजों की संख्या न के बराबर देखने को मिले। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर बैठे रहे। बारह बजे के बाद मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी।

राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. शिप्रा झा, डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी।

# मेट्रो कार्य से दिक्कत नहीं, लिखकर दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● यूपीएमआरसी ने नगर निगम से लिखित में मांगी एनओसी

● जोन-5, 6 में प्रस्तावित है दूसरे चरण का कॉरिडोर

**अमृत विचार।** मेट्रो ने दूसरे कॉरिडोर (सीएसए से बर्रा आठ) तक मिट्टी परीक्षण व यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए प्रारंभिक कार्य शुरू किया है। लेकिन, नगर निगम की ओर से आपत्ति न होने का प्रमाण लिखित में नहीं देने की वजह से मेट्रो स्टेशन के लिए पिलर ढलाई का काम शुरू नहीं किया है। यूपीएमआरसी ने नगर निगम को पत्र लिखा है कि यदि आपको मेट्रो के कार्य को लेकर कोई आपत्ति नहीं है तो इसे लिखित रूप में दे दें। ताकि, मेट्रो के कॉरिडोर-2 के लिए प्रस्तावित स्थलों पर कार्य शुरू किया जा सके। बता दें कि नगर निगम के जोन-5 और 6 में प्रस्तावित दूसरे चरण के कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी पहले ही एनओसी दे चुका है।

> सीएसए से बर्रा आठ तक प्रस्तावित स्थलों पर कार्य शुरू किया जाना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी से एनओसी मिल चुकी है। लेकिन नगर निगम से एनओसी नहीं मिली है। इसलिये पत्र लिखकर आपित्त न होने की जानकारी मांगी गई है।
>
> -अर्जुन श्रीवास्तव, परियोजना प्रबंधक-3, कानपुर मेट्रो

यूपीएमआरसी से संबंध कंपनी पुलेरमैक और कल्पतरु इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने स्वाइल टेस्टिंग (मिट्टी परीक्षण) के लिए प्राथमिक छोर सीएसए और विजयनगर चौराहे के पास खोदाई की है।

इसके साथ सेकंड फेस के आठ चयनित स्टेशन स्थल पर ट्रेंचिंग का काम भी शुरू किया गया है।

मेट्रो की एसवीबी इलेक्ट्रो कंपनी ने काकादेव व कोकाकोला चौराहे के पास 2.5 मीटर खोदाई कर समस्याएं देखीं।

यूपीएमआरसी के उप-महाप्रबंधक जनसंपर्क, पंचानन मिश्रा ने बताया कि दूसरे कॉरिडोर में कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) नवाबगंज से दक्षिण में बर्रा आठ तक एलिवेटेड और भूमिगत मिलाकर कुल आठ स्टेशन बनने हैं। जिसमें पहला स्टेशन कृषि विश्वविद्यालय (सीएसए) एलिवेटेड होगा इसके आगे रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया भूमिगत स्टेशन बनने हैं।

# 10 फायर टेंडर मांगे मिला सिर्फ एक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● यूपी फायर सर्विस के डीजी ने दिया एक टेंडर

**अमृत विचार।** फायर सर्विस के आधुनिकीकरण की दिशा में यूपी फायर सर्विस के डीजी ने एक नया फायर टेंडर जनपद के दमकल बेड़े में दिया है। अयोध्या में पहली ड्यूटी के बाद यह जनपद की फायर सर्विस का हिस्सा हो जाएगा। सीएफओ के अनुसार पत्राचार कर शहर की जरूरत के हिसाब से दस फायर टेंडर्स की मांग की गई थी लेकिन शुरुआत में केवल एक ही वाहन का अप्रूवल मिला है। जल्द ही और उपकरण का आश्वासन मिला है।

शहर में बढ़ते अग्निकांडों को गंभीरता से लेते हुए सीएफओ ने यूपी फायर सर्विस मुख्यालय से नए उपकरणों की दिशा में पत्राचार किया था। जिस पर डीजी फायर अविनाश चंद्रा ने विभाग को एक नया आधुनिक फायर टेंडर दिया है। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि शहर के आकार और जनसंख्या को देखते हुए कम से कम दोगुने वाहनों की आवश्यकता है। डीजी फायर ने दमकल के बेड़े में पांच हजार लीटर क्षमता के एक फायर टेंडर शामिल करने के आदेश जारी कर दिए हैं। दमकल के बेड़े में वर्तमान में 22 अग्निशमन वाहन हैं। जिनमें 10 फायर टेंडर पांच हजार लीटर की क्षमता वाले हैं।

विनोद हत्याकांड | किसान नेता के घर के बाहर मंदिर में होना था आयोजन

# पुलिस ने नहीं किया सहयोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● गंगाघाट कोतवाली पुलिस से मांगी थी मदद

● विनोद के भाइयों ने मिलकर कराई सजावट

**अमृत विचार।** मृतक किसान नेता विनोद की हत्या के बाद घर के बाहर बने मंदिर में भव्य श्रंगार कराने के लिये शंकराचार्य ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस से कहा था। इसके बावजूद पुलिस ने कोई सहयोग नहीं किया। जिस पर मृतक के भाइयों ने रविवार को मंदिर में सजावट का कार्य कराया है। वहीं पुलिस ने आरोपी की बाइक को दाखिल कर आगे की कार्यवाही की है।

चंपापुरवा निवासी मृतक किसान नेता विनोद कश्यप के घर कनिष्ठ जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती राज्य अतिथि छत्तीसगढ़ पहुंचे थे। जहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी थी। जिसके बाद मंदिर में श्रंगार और भंडारा कराने के लिये गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति से कहा था।

### हत्यारोपी की दाखिल की बाइक

हत्यारोपी काले खा के घर में ताला लटक रहा है। परिजनों का पता लगाने के लिये पुलिस की टीमें लगी हैं। इसके बावजूद किसी का कोई पता नहीं चल सका। जिस पर रविवार को पुलिस ने आरोपी काले खा की बाइक को दाखिल कर आगे की कार्यवाही की है।

### विधि प्रयोगशाला भेजे गये हत्या के साक्ष्य

भाकियू किसान नेता की मौत के बाद फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किये थे। जिसे लखनऊ विधि प्रयोगशाला भेजा है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद पुलिस उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही करेगी।

इसके बावजूद पुलिस ने कोई सहयोग नहीं किया। जिस पर रविवार को विनोद पत्नी प्रीती और बहन भावना ने बताया कि शंकराचार्य जी ने कहा था और पुलिस प्रशासन की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला हम लोग ही श्रंगार करा रहे हैं। रविवार को मृतक विनोद का भाई मन्ने और शैलेन्द्र ने मंदिर के बाहर रंग बिरंगी पन्नियां और भगवा रंग की झालरें लगाने का काम किया है। इसके साथ ही आज कई कार्यक्रम भी करायेंगे।

# आरोपियों के कहने पर जांच कर दी ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में महिला ने सीसी फुटेज का साक्ष्य देते हुए कुछ आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराई थी। लेकिन कमिश्नरेट पुलिस ने इसमें सांठगाठ करते हुए न केवल दो आरोपी भतीजों को क्लीनचिट दे दी बल्कि आरोपियों के कहने पर जांच अनवरगंज से हटाकर स्वरूप नगर सर्किल में ट्रांसफर कर दी।

हीरामन का पुरवा निवासी सिदरा खान ने बताया कि सात दिसंबर 2023 को वह घर पर अकेली थीं तभी बेकनगंज मछली वाला हाता निवासी उनके जेठ अकबर अली, जेठानी सीमा खान और उनके दोनों बेटों फैसल और फरजान ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए उन्हें

● बेकनगंज थानाक्षेत्र के हीरामनपुरवा का मामला

● पुलिस दो आरोपियों को दे चुकी क्लीनचिट

मारापीटा और तोड़फोड़ की। उन्होंने पुलिस को सीसी फुटेज के साक्ष्यों के साथ बेकनगंज थाने में तहरीर दी थी। जिसमें पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ और धमकाने में एफआईआर दर्ज की थी। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस सीसी फुटेज के बावजूद पुलिस ने दोनों भतीजों को क्लीनचिट दे दी। इतना ही नहीं पुलिस ने आरोपियों के कहने पर जांच अनवरगंज सर्किल से हटाकर स्वरूप नगर में स्थानांतरित कर दी। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है, निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का लगाया आरोप

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत हीराखेड़ा गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुरालियों ने बहू के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात बताई। वहीं रिश्तेदार की सूचना पर पहुंचे मायकेवाले ने दहेज के लिए बेटी को पीटकर फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हरदोई जिला मल्लावा थानांतर्गत राघव रामपुर गांव निवासी कुबेर पुत्र स्व. चिंता ने बताया कि उसने अपनी बेटी निशा की शादी 9 दिसंबर 2020 को फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के हीरा खेड़ा गांव निवासी पुताई पुत्र कल्लू से की थी। आरोप


निशा।

● विवाहिता के पिता से आरोपी भी पहले कर चुके हैं मारपीट

है शादी के बाद से ससुरालीजन निशा को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे और मायके से सोने की चेन व अंगूठी लाने की मांग करते थे। इसे लेकर बेटी को विदा कराने पहुंचे पिता की भी उन लोगों ने पिटाई की थी। जिसमें उसका हाथ भी टूट गया था। मामला पुलिस तक भी गया लेकिन, फिर सुलह हो गई। बीतीरात निशा की मौत हो गई। ससुरालियों ने बताया कि निशा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर पुलिस पहुंची ने मामला विवाहिता की मौत से जुड़ा देख एसडीएम को सूचना दी। नायब तहसीलदार दीपक कुमार की मौजूदगी में पंचनामा भरा गया। रिश्तेदार से मिली सूचना पर मायके वाले पहुंचे और बेटी की हत्याकर शव फंदे लटकाने का आरोप लगाया। पति, सास प्रेम दुलारी, जेठ मूलचंद्र के विरुद्ध पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब 12 बजे दामाद ने फोन कर बेटी की हत्या करने की धमकी दी थी। दो डाक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। उधर, बेटी की मौत से वृद्ध पिता सहित मा राजरानी व अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। वहीं मां की मौत के बाद दो मासूम बच्चे शोभित (2) और पांच माह के बेटे के सिर मां का साया उठ गया।

# हाईवे पर सड़क हादसों में महिला व चौकीदार समेत तीन की जान गई

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे, उन्नाव-लालगंज व लखनऊ हाईवे पर हुए हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में महिला व चौकीदार समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में चार लोग घायल हो गए। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के साथ शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है।



राहुल

● सड़क हादसों की सूचना मिलने के बाद तीनों परिवारों में मचा कोहराम

**केस 01**

**बिहार प्रांत के** सीवान जिला अंतर्गत थाना जीरा देही के भलुवाही गांव निवासी सुमन (45) पत्नी अर्जुन सिंह अपने बेटे आर्यन (18) व सुधा (23) पुत्री शंभू सिंह दिल्ली के साहिबाबाद से समस्तीपुर बिहार जाने के लिए शनिवार को निकले थे। कार सिवान निवासी विनय यादव पुत्र मोती सिंह चला रहा था। रविवार सुबह एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ढ़ोलौवां गांव के सामने कोहरे के चलते कार अनियंत्रित होकर पुलिया के डिवाइडर से टकरा गई। इसमें सभी कार के अंदर फंस गए। सूचना पर यूपीडा की रेस्क्यू टीम पहुंची और आनन-फानन क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को निकालकर बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने सुमन सिंह को मृत घोषित कर दिया व अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



बिलखते परिजन।

**केस 02**

**लखनऊ जिले के** अनंपुर काकोरी निवासी राहुल (22) पुत्र लेखराम अपने मामा की बेटी सलोनी के साथ बाइक से गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मी खेड़ा गांव जा रहा था। दही थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मुर्तजा नगर नहर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें राहुल की मौके पर मौत हो गई। वहीं पीछे बैठी बहन घायल हो गई। पीछे से दूसरी बाइक से आ रहे अन्य रिश्तेदारों की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताते हैं कि दो दिन पूर्व राहुल की मां कलावती की आंख का आपरेशन हुआ था। देखभाल के लिए सलोनी गई थी। जिसे छोड़ने वह ननिहाल जा रहा था। वह ट्रैक्टर किराए पर चलवाने के साथ कृषि कार्य भी देखता था। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से सभी बेहाल है।

**केस 03**

**माखी थाना व गांव के** मोहल्ला बेलसी निवासी शिवप्यारे रावत (55) पुत्र सर्वजीत माखी थाने में चौकीदार था। शनिवार रात वह अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी रिश्तेदार राजकुमार की बेटी की बारात में शामिल होने बाइक से निकला था। सदर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-लालगंज हाईवे पर डीह चौराहे के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। सिर के बल गिरने से वह गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवप्यारे का पारिवारिक विवाद होने से पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी को चेक कराये। जिसमें ट्रक से हादसा होना दिखाई दिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति के मौत से पत्नी जानकी और बच्चों में अजय, रोहित, विमल, बेटी शिवानी व अन्य परिजन बेहाल हैं।

# अलग-अलग रह रहे 18 जोड़ों में कराया समझौता




समझौते के बाद जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व जिले के थानों व कोतवाली में स्थित महिला हेल्पडेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। इसमें परिवार परामर्श केंद्र के परिवार परामर्शदाताओं व महिला हेल्पडेस्क की टीम ने उनकी काउंसिलिंग करते हुए उनके विवाद खत्म कराए गए और 18 विवादित जोड़ों को खुशी-खुशी साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

जोड़ों की काउंसिलिंग के बाद महिला थाना से 7, परिवार परामर्श केंद्र से 5, थाना अचलगंज व बांगरमऊ से 2-2, थाना दही व महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बीघापुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस कार्य में प्रमुख रूप से डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में राजेंद्र सिंह सेंगर, डा. एसके पांडेय, डा. शशिरंजना अग्निहोत्री, डा. मनीष सिंह सेंगर, अबसार अली खान, डा. सगीर अहमद व प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केंद्र संतोष कुमारी, महिला दरोगा मधु श्रीवास्तव, एसओ महिला थाना अर्चना, महिला सिपाही अंशू त्रिपाठी, अंजुला त्रिपाठी, पूजा यादव, शिखा सेंगर, पूजा शर्मा, लक्ष्मी, सेविका, पारुल का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### तापते समय उठी चिंगारी से घर में लगी आग, पिता-पुत्र झुलसे

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के एक गांव में रविवार भोरपहर आग तापते समय अचानक घर में आग लग गई। इसकी चपेट में आकर पिता-पुत्र झुलस गए और दो पशुओं की जलकर मौत हो गई। वहीं दो अन्य पशु भी झुलस गये। आग पर जब तक काबू पाया जाता जब तक आसपास के कई घर भी उसकी चपेट में आ गए। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव महपरापुर के मजरा आलमखेड़ा निवासी गयाप्रसाद पुत्र चंद्रिका गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर रह रहा था। रविवार भोरपहर वह आग ताप रहा था। तभी अचानक घर में आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग ने पड़ोस के प्रताप, परमसुख व जमुना के घर को भी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आकर 40 वर्षीय गया प्रसाद व उसका 16 वर्षीय बेटा अंकित गंभीर रूप से झुलस गए। वहीं आग से दो बकरियों की जलकर मौत हो गयी और एक गाय व एक अन्य बकरी झुलस गई। घायल पिता-पुत्र को एंबुलेंस से फतेहपुर चौरासी सीएचसी ले जाया गया। जहां से गया प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आग से नगदी, गेहूं, धान, एक बाइक समेत ग्रहस्थी का करीब ढाई लाख का सामान जलकर राख होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर गांव पहुंचे लेखपाल आलोक वर्मा ने कहा कि आग से हुए नुकसान का आंकलन किया गया है। पीड़ितों को सरकारी राहत दिलाई जाएगी।

### माखी दुष्कर्म पीड़िता ने फिर लगाया परिजनों पर आरोप

**उन्नाव।** माखी दुष्कर्म कांड की पीड़िता का शिकायती पत्र सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जिसमें उसने अपने परिजनों पर प्रशासन से मिली सहायता राशि हड़पने का आरोप लगाया है। वायरल पत्र में पीड़िता ने बताया कि जेल में हुई पिटाई से पिता की मौत के बाद शासन के निर्देश पर जेल प्रशासन की ओर से मुआवजे का तीन लाख रुपए मां को दिया गया था। मां की ओर से शपथ पत्र में यह कहा गया था बालिग होने पर सभी बच्चों को इससे 50-50 हजार रुपये दिए जायेंगे। लेकिन मां रुपए नहीं दे रही है। साथ ही पहले मिली आर्थिक सहायता भी सभी मिलकर डकार गए। जिसकी उसने एफआईआर भी दर्ज कराई थी। आरोप है कि परिजन इस मामले में सुलह का दवाब बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार आर्थिक तंगी के कारण वह अपने केस की पैरवी भी नहीं कर पा रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल पत्र की पुष्टि नहीं करता है।

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा नर्सिंग होम सील

**उन्नाव।** बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे नर्सिंग होम को सीएमओ के निर्देश पर सील करने के साथ दोबारा संचालित करने पर एफआईआर की चेतावनी दी गई है। सीएमओ डा. सत्यप्रकाश व एमसीएमओ डा. नरेंद्र सिंह रविवार सुबह औचक निरीक्षण पर सिंकदरपुर सरोसी ब्लाक स्थित बाला जी चैरिटेबल हॉस्पिटल पहुंचे। स्वास्थ्य अधिकारियों ने नर्सिंग होम संचालक से पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मांगे लेकिन संचालक दिखा नहीं पाया। इसके अलावा अस्पताल में प्रशिक्षित स्टाफ भी नहीं था। इसके अलावा अस्पताल अन्य अनिमिताएं मिलने पर सीएमओ ने नर्सिंग होम को सील करा दिया। दोबारा संचालन मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी। सीएमओ ने बताया कि बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम का संचालन पाया गया। इसे सील कराकर दोबारा संचालन न करने का निर्देश दिया गया।

### सांसद व विधायक ने किया बारातशाला का उद्घाटन

**पुरवा उन्नाव।** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्रिपुरारपुर के मजरे रम्माखेड़ा में 14.50 लाख की लागत से नवनिर्मित बारातशाला का सांसद साक्षी महाराज व विधायक आशुतोष शुक्ला ने उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है। यह अवसर हमें 500 वर्ष बाद मिल रहा है। हम सौभाग्यशाली हैं कि भगवान राम फिर से अयोध्या आ रहे हैं। सांसद ने सभी से प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने घरों में कम से कम पांच दीपक जलाने व दीपावली मनाने की अपील की। विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा कि गावों की मांग पर बारातशाला बनाई गई है। अब इसकी बाउंड्री भी जल्द बनवाई जाएगी। इस दौरान बारातशाला बनाने वाले पांच लोगों को सांसद ने सम्मानित भी किया। वहीं विधायक द्वारा 500 लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान एसपी मिश्रा उर्फ रज्जना मिश्रा, प्रधान शिवपाल यादव, ब्रजेश कुमार, प्रेमशंकर लोधी, विनोद लोधी, बेचेलाल, पुनीत, भीमशंकर त्रिपाठी, शालू देवी, मोनू बाजपेई, ज्ञान यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता हेमंत द्विवेदी व संचालन बृज किशोर वर्मा ने किया।



संघ के कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### विष्णु अध्यक्ष व अतुल बने समाचार पत्र विक्रेता संघ के महामंत्री

**उन्नाव।** समाचार पत्र विक्रेता संघ उन्नाव का पूर्व नियोजित चुनाव रविवार को संघ के शहर स्थित मोहल्ला कल्याणी देवी स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम संघ के संरक्षक मंडल सदस्य धीरेंद्र प्रताप तिवारी राजा भइया, रामअवध सिंह चौहान, जयशंकर दादा, गंगा तिवारी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इसमें विष्णु गुप्त को अध्यक्ष पद पर और अतुल कुमार को महामंत्री पद पर निर्वाचित किया गया। वहीं, विनय कुमार भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारियों को प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, मोनू व विकास यादव ने बधाई दी। पदाधिकारियों ने सभी पत्र विक्रेताओं को आश्वस्त किया कि वे सभी मिलकर संघ के हितों व गौरव को देखते हुए सभी फैसले संगठन के निर्णय के अनुसार लेंगे। कहा गया कि पत्र विक्रेताओं के हितों की हर हाल में रक्षा की जाएगी।

### पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नबी नगर निवासी एक विवाहिता को उसके ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिस पर पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। नबी नगर निवासी साजिया बानो ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी शादी कानपुर बेकनगंज निवासी शादाब हुसैन से हुई थी। शादी में उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज दिया। इसके बाद भी पति शादाब हुसैन, जेठ सोनू, जेठानी गुलनार, सास शकीला, देवर शाबान, अदनान उससे अन्य दहेज की मांग करने लगे, न देने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज की है।

### पुलिस ने फरार वारंटी को पकड़ा

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रजवा खेड़ा निवासी एक शख्स का कोर्ट से वारंट जारी हो गया। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि रजवा खेड़ा निवासी रमेश का कोर्ट में हाजिर न होने पर उसका वारंट जारी हो गया। जिस पर रविवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

# 11000 दीप जलाकर मनाई जायेगी दीपावली

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के चलते स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर धाम में सुबह 8 बजे से पूजा अर्चना के साथ श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जप व सुंदरकांड पाठ के साथ भक्तिमय आयोजन होंगे। यह आयोजन 10 बजे तक चलेंगे। 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अयोध्या में हो रहा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एलईडी द्वारा दिखाया जाएगा। 1 से शाम 4 बजे तक राम दरबार की शोभायात्रा परियर गांव में डीजे, ढोल आदि के साथ बाबा बलखंडेश्वर धाम से प्रारंभ होगी। जो कॉलेज रोड होते हुए जानकीकुण्ड आश्रम में समाप्त होगी। वहीं पर भंडारा भी आयोजित होगा। 5 से 8 बजे तक बलखंडेश्वर धाम में स्थित सभी मंदिरों में 11 हजार दीप जला कर दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाएगा।

### सुंदरकांड के साथ आज होगा दीपोत्सव

**नवाबगंज।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कस्बे में दुर्गा मंदिर से झांकी के साथ यात्रा निकाली जायेगी। साथ ही रामजानकी मंदिर में सुंदरकांड पाठ होगा। साथ ही संतोषी माता मंदिर में भी सुंदरकाण्ड पाठ होगा। मां कुशहरी मंदिर में दीपोत्सव के साथ सुंदरकांड पाठ होगा। हर घर में दीप जले इसके लिये कस्बे में जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार, एमएलसी रामचंद्र प्रधान के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी दीपक वितरित किए।

# सचल सुंदरकांड के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा



शोभा यात्रा के दौरान सचल सुंदरकांड का पाठ करते भक्त। अमृत विचार



शोभायात्रा के समापन के बाद भंडारा किया गया। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुये रविवार को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समारोह समिति गंगाघाट की ओर से राजधानी मार्ग पर शोभा यात्रा निकाली गई। जहां जगह-जगह शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। इसके साथ ही सचल सुंदरकांड होने से आने जाने वाले लोग जय श्री राम के जयघोष लगाते दिखाई पड़े। जिससे माहौल राममय हो गया। वहीं महावीर मंदिर के पास महाआरती के साथ ही खिचड़ी वितरण कराई गई।

श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समारोह समिति गंगाघाट की ओर रविवार को गाजे बाजे के साथ सुबह बारह बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जहां महावीर मंदिर के बाहर बाबा का भव्य श्रंगार किया गया। जिसके बाद शोभा यात्रा प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना हुई। जिसके बाद शोभा यात्रा राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन महावीर मंदिर से शुरू होकर कोतवाली गंगाघाट, प्राचीन दुर्गा मंदिर राजधानी मार्ग होते होते मरहला चौराहे पर पहुंची। जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित सचल सुंदरकांड में भजन गायकों ने प्रभु के एक से बढ़कर एक भजन गाये। जिस पर फोरलेन से आने जाने वाले लोग भी जय श्री राम के जयघोष लगाते दिखाई पड़े। इसके साथ ही झांकियां भी प्रस्तुत की गई। जिसके बाद शोभा यात्रा महावीर मंदिर पहुंची। जहां शोभा यात्रा का समापन हुआ। जहां पदाधिकारियों ने प्रभु श्री राम की महाआरती का आयोजन किया। जिसके बाद खिचड़ी वितरित की गई। मनोज सिंह सेंगर, वासुदेव गुप्ता, दुर्गा तिवारी, शिवेंद्र सिंह बघेल, देवी प्रसाद मौर्य, अमरेंद्र गुप्ता, अंकित कुशवाहा, योगेश मिश्रा, हरी शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, ध्रुव अवस्थी मौजूद रहे।

# केसरिया रंग में नहाया सफीपुर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के सभी मंदिरों व क्षेत्र भर में तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। इसके लिए नगर पंचायत सफीपुर प्रशासन ने भी अपनी कमर कस ली है। नगर में गलियों से लेकर चौराहा तक व हरदोई-उन्नाव मार्ग पर हर तरफ भगवा रंग के राम चित्र अंकित ध्वज नजर आ रहे हैं। सफीपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई राजा बेटा ने कहा कि 22 जनवरी के दृष्टिगत तैयारी है। उन्होंने बताया कि सफीपुर नगर की अधिष्ठात्री देवी मां शंकरी देवी मंदिर पर नगर पंचायत द्वारा मुख्य दिवस 22 जनवरी को सुबह-सुंदरकांड पाठ व अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाने की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में मोटेश्वर महादेव मंदिर पर चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जहां आचार्य महावीर प्रसाद शुक्ल ने पूजन कर सुंदरकांड पाठ शुरू कराया। सभासद बेचेलाल गुप्ता मुख्य यजमान रहे। पुजारी मनोज पांडे, पूनम गुप्त, मन्जू सिंह चौहान, शिवबिहारी गुप्ता, पूर्व सभासद संजीव गुप्ता, कमलेश मिश्रा, सन्दीप श्रीवास्तव, नगर पंचायत लिपिक होरीलाल, जागेश्वर प्रसाद आदि मौजूद रहे। वहीं, नगर के रानी तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से एक विशाल शोभायात्रा सुरेश मिश्रा के नेतृत्व में निकाली गई।



पालिका की ओर से बनवाया गया स्वागत द्वार। अमृत विचार

### राममय हुआ नगर, आज जगह-जगह होंगे कार्यक्रम

**शुक्लागंज।** अयोध्या में आज प्राण प्रतिष्ठा होनी है। जिसे देखते हुये पूरे गंगाघाट क्षेत्र राममय हो गया है। आज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान कराये जायेंगे। इसके साथ ही सुंदरकांड और अखंड रामायण का पाठ भी होगा। जिसको लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। रविवार को अंतिम दिन पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, उनके पति व प्रतिनिधि संदीप पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर नगर के सभी वार्डों की एक-एक गलियों में श्री राम ध्वज लगाये गये हैं। इसके साथ ही गंगाघाट कोतवाली और मरहला चौराहे के पास भगवान स्वागत द्वार बनवाया गया है। वहीं आज नगर के मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना होगी।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुख्य मंदिरों में रहेगा भव्य आयोजन

**सोहरामऊ।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोहरामऊ व आसपास के दर्जन भर मंदिरों को सजाया गया है। विकासखंड असोहा व थाना सोहरामऊ के गांव ओगरापुर में हनुमान जी का सिद्ध मंदिर है। जो रामेश्वर बाबा के नाम से विख्यात है।

प्रत्येक मंगलवार वहां भव्य मेला लगता है। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के दिन इस मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। सोहरामऊ कस्बे में सुरेश्वर के नाम से विख्यात जगन्नाथ बाबा के मंदिर को भी भव्य तरीके से सजाया गया है। समाजसेवी सुनील बाजपेई द्वारा गांव आशाखेड़ा में 100 साल पुराने रामजानकी मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। जिसे सोमवार को भव्यता के साथ सजाकर सुंदरकांड पाठ व प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# शोभायात्रा के दौरान फोरलेन पर रुक-रुक कर लगा जाम



फोरलेन पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शोभा यात्रा के निकलने के कारण रविवार को पूरे दिन रूक रूक कर फोरलेन पर जाम लगता रहा। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं एक ही लेन पर रूट डायवर्जन होने से आड़े तिरछे वाहन निकलने से भीषण जाम लगा रहा। जाम छुड़ाने में पुलिस के पसीने छूट गये।

रविवार को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समारोह समिति गंगाघाट की ओर से राजधानी मार्ग पर शोभा यात्रा निकाली गई लेकिन पुलिस की ओर से यातायात को लेकर कोई रूपरेखा नहीं तैयार की गई। जिस कारण दोपहर से ही फोरलेन पर जाम लगना शुरू हो गया। जिससे शुक्लागंज से उन्नाव की लेन पर जाम लगने लगा। जाम को देख पहुंची पुलिस ने शुक्लागंज से उन्नाव की ओर जाने वाले वाहनों को दूसरी लेन की ओर डायवर्ट कर दिया। इस दौरान एक ही लेन पर वाहनों का भार बढ़ गया। जिससे जाम लगना शुरू हो गया।

**मेरे राम आ रहे हैं** | प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बांगरमऊ के माढ़ापुर में जीवित बचे दो कारसेवक बेहद प्रफुल्लित

# श्रीराम के लिये तोड़ी थी जेल की 'रोटी'

रामसेवक यादव, बांगरमऊ

**अमृत विचार।** एक समय था जब भगवान श्रीराम को उनके गर्भगृह में विराजमान कराने को लेकर हम लोगों ने जेल की रोटियां खाईं थीं। वहां पर पीठ में लाठियां खाते हुए विभिन्न यातनाएं भी झेली थीं। तभी से यह उम्मीद थी कि कभी तो वह दिन आएगा जब हमारे प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। हमारे जीवित रहते यह दिन भी आ गया है इसके लिये हम प्रभु श्रीराम के आभारी हैं। अब प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा के दिन हम सभी मिलकर लड्डु खाएंगे और दीपावली मनाएंगे।

यह कहना है बांगरमऊ के गांव माढ़ापुर निवासी जीवित बचे दो कारसेवकों महिपाल शर्मा और कमल कुमार मिश्र का। वे बताते हैं कि बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कटियार के आह्वान पर क्षेत्र के गांव माढ़ापुर से करीब एक दर्जन कारसेवकों की टोली बीती 2 दिसंबर 1992 को कारसेवा के लिए पैदल निकल पड़ी थी।





कारसेवक महिपाल शर्मा और कमल कुमार मिश्र।

टोली के नेता महिपाल शर्मा ने बताया कि सभी कारसेवक पुलिस से बचते-बचाते बालामऊ ट्रेन पकड़ने के लिए कालीमिट्टी हाल्ट रेलवे स्टेशन जा रहे थे। तभी फतेहपुर चौरासी थाना की पुलिस ने उन्हें व बाबा पूरन दास बाल्मीकि, बाबा हीरालाल कुशवाहा व कमल कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अन्य 8-10 कारसेवक भागने में सफल रहे थे। करीब एक हफ्ते तक थाने की हवालात में बंद कर पुलिस ने उन लोगों को जमकर प्रताड़ित किया और बाद में चारों को जेल भेज दिया गया। बताया कि उनके दो जेल यात्री कारसेवक बाबा पूरन दास वाल्मीकि व बाबा हीरालाल कुशवाहा अब इस दुनिया में नहीं हैं। कारसेवक कमल कुमार मिश्र के अनुसार 25 दिन उन्नाव जेल में रहने के दौरान कारसेवकों को असीम यातनाएं सहन करनी पड़ीं थीं। उन्होंने बताया कि जब 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट का निर्णय राम मंदिर के पक्ष में आया था, तब उन्होंने अपने घर में घी के दीपक जलाए थे और अब वह सोमवार को भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन दोबारा अपने घर में दीपों की श्रृंखला जलाकर दीपावली मनाएंगे। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा होने की खुशी में लड्डू खाएंगे और लोगों को भी खिलाएंगे।

# धार्मिक स्थलों पर श्रीरामचरित मानस भेंट की गई

**उन्नाव।** नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिन्दू जागरण मंच के विमल द्विवेदी द्वारा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर अधिक से अधिक धार्मिक स्थलों व मंदिरों में धार्मिक आयोजन हों और रामायण का पाठ हो इसके लिए मंदिरों में रामचरित मानस की पुस्तकें व मिट्टी के दिए भेंट की। वहीं, विमल द्विवेदी के नेतृत्व में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नगर के प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर व शिव मंदिर के साथ अन्य मंदिरों का श्रृंगार भी कराया गया। सोमवार को 11 बजे श्रीराम आगमन पर शंखनाद के साथ भव्य स्वागत व 12 बजे बड़ी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण, 1 बजे से भव्य झाकियां, महाप्रसाद वितरण व शाम को 21 हजार दीपक जलाए जाएंगे।

# राम के रंग में रंगा शहर, चहुंओर भगवा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● भक्तों ने जगह-जगह शोभायात्राएं निकालने के साथ भंडारे भी आयोजित किये

● जगह-जगह निकाली गई जन जागरण यात्राओं पर राम भक्तों ने की पुष्प वर्षा

**अमृत विचार।** अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रभु श्रीराम के रंग में रम गया। रामभक्तों ने जगह-जगह शोभायात्राएं निकालने के साथ भंडारे भी आयोजित किये। वहीं, जगह-जगह निकाली गई जन जागरण यात्राओं पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा भी की।

उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा व उनके प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा (भानू) के नेतृत्व में रविवार को श्रीराम ज्योति वितरण, ध्वज वितरण व जन जागरण यात्रा निकाली गयी। नगर वासियों को 51 हजार मिट्टी के दिए बांटे गये। रविवार को जन जागरण यात्रा डीजे, बैंड व ढोल नगाड़ों के साथ नगर के गांधीनगर तिराहे से शुरू होकर शहर के छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा से होते हुए नगर पालिका परिषद स्थित हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान राम नाम के जयकारों से नगर गूंज उठा। यात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल रहे। कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग प्रचारक कौशल किशोर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, आनन्द अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना दीक्षित, रेड क्रॉस सोसायटी चेयरमैन आशादीन तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता हाईकोर्ट ओपी तिवारी, कुलदीप सिंह आदि रहे।



शहर में निकाली गई जन जागरण यात्रा। अमृत विचार

